Digital Health is an important step in health service

https://www.patrika.com/jaipur-news/digital-health-healthcare-an-important-step-6669113

जयपुर

Digital health: डिजिटल हेल्थ स्वास्थ्य सेवा एक महत्वपूर्ण कदम

इलेक्ट्रॉनिक तकनीक (electronic technology) का स्वास्थ्य सेवाओं (health services) में उपयोग (digital health) विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान है। डिजिटल हेल्थ स्वास्थ्य सेवा (health care) की गुणवत्ता वृद्धि एवं लागत में कमी (IIHMR) हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी के दृष्टिगत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय डिजिटल हेल्थ मिशन के माध्यम से डिजिटल हेल्थ को विकसित एवं प्रभावी बनाने हेतु एक क्रन्तिकारी पहल की है।

जयपुर। इलेक्ट्रॉनिक तकनीक का स्वास्थ्य सेवाओं में उपयोग (डिजिटल हेल्थ) विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान है। डिजिटल हेल्थ स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता वृद्धि एवं लागत में कमी हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। उक्त उदगार राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि डिजिटल हेल्थ के अनुप्रयोग से संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित समग्र विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। इसी के दृष्टिगत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय डिजिटल हेल्थ मिशन के माध्यम से डिजिटल हेल्थ को विकसित एवं प्रभावी बनाने हेतु एक क्रन्तिकारी पहल की है। बिना स्वस्थ शारीरिक एवं मानसिक विकास को सुनिश्चित किए किसी भी प्रकार के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व को गुणवत्ता भरी एवं उचित दर पर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो यहीं हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए।

भारतीय विज्ञान संसथान, बेंगलुरु के पूर्व निदेशक पदम विभूषण प्रोफेसर पी. पद्मनाभन ने जोर दिया की आज स्वास्थ्य सेवा को गति प्रदान करने के लिए तकनीक पर आधारित नवीन एवं नवाचार अनुप्रयोगों को विकसित करने की आवशयकता है। प्रोफेसर पद्मनाभन ने कहा की विकास का कोई भी लक्ष्य सिर्फ स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ देश में ही प्राप्त किया जा सकता है। डॉ चंद्रकांत एस पांडव, अखिल-भारतीय आयुर्विज्ञान संसथान के पूर्व विभागाध्यक्ष (सामुदायिक शिक्षा) ने डिजिटल तकनीक आधारित स्वस्थ्य सेवाओं के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार डिजिटल तकनीक समग्र विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में उपयोगी हो सकती है। आईआईएचएमआर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एवं पब्लिक हेल्थ के विद्वान डॉ. एस डी गुप्ता ने बताया कि किस प्रकार आधुनिक डिजिटल तकनीक पर आधारित सस्ती एवं गुणकारी स्वास्थ्य सेवाएं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सुलभ हो रही हैं। डॉ गुप्ता ने तकनीक आधारित स्वस्थ्य सेवाओं के भविष्य के ऊपर भी प्रकाश डाला!

आईआईएचएमआर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 25वीं वार्षिक वैश्विक संगोष्ठी 'प्रदन्या 2021Ó के उद्घाटन सत्र में आईआईएचएमआर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रहलाद राय सोडानी ने कहा की आने वाला दशक डिजिटल हेल्थ के विकास में अत्यंत ही महत्त्वपूर्ण होगा। डिजिटल हेल्थ एवं समग्र विकास की परस्पर निर्भरता के दृश्टिगत इस विश्वविद्यालय द्वारा एक सतत एवं सार्थक शैक्षणिक पहल की गई है।